समाचार

18 एवं 21 दिसम्बर को बंद रहेगा पशुवध कार्य

कोरबा 16 दिसम्बर 2020 –नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत संचालित समस्त वधशालाओं में 18 दिसम्बर को गुरूघासीदास जयंती एवं 21 दिसम्बर को संत तारण तरण जयंती के अवसर पर पशुवध का कार्य पूर्ण रूप से बंद रहेगा। नगर निगम कोरबा द्वारा समस्त पशुवधगृहों व पशुवधकर्ताओं को आदेशित किया गया है कि वे उपरोक्त तिथि में किसी भी प्रकार का पशुवध न करें एवं मांस बिक्री की दुकानों को बंद रखें, किसी भी दुकान में मांस विक्रय करते पाए जाने पर मांस जप्त करने की कार्यवाही किए जाने के साथ ही संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी।